प्रेषक,

मिशन निदेशक,
स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण),
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उ0प्र0।

पत्रांकः–5/1399/2022–5/30/2022 लखनऊ दिनांकः 30 नवम्बर, 2022

विषयः–प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया शासनादेश संख्या–4002/33–3–2022 दिनांक 24.11.2022 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–2 अन्तर्गत विकास खण्ड स्तर पर प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट (पी0डब्लू0एम0यू0) स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत निर्देश निर्गत किये गये हैं।

अवगत कराना है कि एस0एस0जी0–2023 के दृष्टिगत तथा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन हेतु मुख्य सचिव, उ0प्र0 की अध्यक्षता में गठित STF (Special Task Force) द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में प्रत्येक विकास खण्ड में पी0डब्लू0एम0यू0 स्थापित किया जाना अत्यावश्यक एवं समयबद्ध है।

त्वरित गति से कार्यवाही किये जाने हेतु उचित होगा कि प्रत्येक विकास खण्ड की किसी ऐसी बड़ी ग्राम पंचायत का चयन किया जाये, जो विकास खण्ड के निकट हो, आवगमन में सुगमता हो एवं जिसमें स्थायी बाजार–हाट इत्यादि हो। ऐसी ग्राम पंचायत में योजनान्तर्गत एस0एल0डब्लू0एम0 की धनराशि से निर्मित कराये जा रहे बड़े आकार के आर0आर0सी0 शेड में अथवा उसके साथ जोड़कर पी0डब्लू0एम0यू0 स्थापित किया जा सकता है। जिसमें उपरोक्त शासनादेश में उल्लिखित व्यवस्था के अनुसार प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन हेतु आवश्यक मशीन्स् आदि लगाई जा सकती है तथा यदि मशीन्स् आदि लगाने के लिये अतिरिक्त आवश्यकता हो तो योजनान्तर्गत पी0डब्लू0एम0यू0 के लिये मात्राकृत अधिकतम रू0 16.00 लाख तक की मांग भी की जा सकती है।

अतः महोदय से अनुरोध है कि जनपद अन्तर्गत सभी विकास खण्डों में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट (पी0डब्लू0एम0यू0) स्थापित किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

<u>संलग्नक–उपरोक्तानुसार</u>

भवदीय,

(अनुज कुमार झा)
मिशन निदेशक,
स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण),उ0प्र0।

<u>संख्या व दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर मुख्य सचिव, पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
3. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
4. समस्त मण्डलीय उप निदेशक (पं0), उ0प्र0।
5. समस्त जिला पंचायतराज अधिकारी, उ0प्र0।

मिशन निदेशक,
स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण),उ0प्र0।